## सूचना - 2

दि० 05.11.2024

'पल्लव' छात्र-मंच अंतर्गत विभाग द्वारा दिनांक - 12 नवम्बर 2024 को सभी नव प्रतिभाओं स्नातक एवं परास्नातक तथा समस्त हिन्दी छात्र-छात्राओं हेतु 'मौलिक लेखन प्रतियोगिता' का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है जिसमें विद्यार्थियों में रचनात्मक प्रतिभा की अभिव्यक्ति-हेतु उन्हें परिणामोपरांत 'प्रमाणपत्र' दिया जाना भी सुनिश्चित किया गया है। इसमें कविता, लघुकथा, संस्मरण, निबंध, हास्य-व्यंग्य आदि प्रतियोगिता के मुख्य विषय होंगे।

उक्त कार्यक्रम का सम्पूर्ण विवरण अधोलिखित है:




## सूचना

दिनांक: 05/11/ 2024

हिंदी ऑनर्स बी. ए एवं एम.ए के सभी विद्यार्थियो को सूचित किया जाता है कि 12 नवंबर 2024 को पल्लव मंच के अंतर्गत मौलिक कविता और कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अतः इच्छुक विद्यार्थी प्रतिभागिता के लिए हिंदी विभाग में

डॉ श्वेता मिश्रा - 9616777537

डॉ विजय यादव 7007882482 से संपर्क करें।

नोट - कविता एवं कहानी का विषय प्रतियोगिता से 2 दिन पहले दिया जायेगा।

(प्रो राकेश कुमार राम)

अध्यक्ष

हिंदी विभाग

दैनिक जागरण : 13.11.2024

# नव प्रतिभाओं को लेखन कला का दिया प्रशिक्षण


वाराणसी। डीएवी पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग के छात्र मंच पल्लव के तत्वावधान में मंगलवार को नव प्रतिभाओं के लेखन कला प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण, भारतीय समाज और लोकतंत्र एवं पारिवारिक रिश्ते आदि विषयों पर मौलिक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विषय से संबंधित विभिन्न विधाओं में छात्र-छात्राओं ने तत्काल बैठकर मौलिक साहित्य लेखन का प्रशिक्षण प्राप्त किया और भिन्न-भिन्न तरह की रचनाए प्रस्तुत की। पल्लव मंच की संयोजिका डा. अस्मिता तिवारी ने कहा कि यह मंच युवा विद्यार्थियों के लेखन प्रशिक्षण का मंच है और इस तरह के कार्यक्रम द्वारा हिंदी विभाग लेखन कौशल का विकास करना चाहता है। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डा. राकेश कुमार राम ने की। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी एव धन्यवाद ज्ञापन प्रो. समीर कुमार पाठक ने दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डा. नीलम सिंह, डा. श्वेता मिश्रा, डा. विजय यादव सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में प्रतिभागिता करते छात्र-छात्राएँ (01)
(दिनांक : 12.11.2024)

# पल्लव में मौलिक लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

डीएवी पीजी कॉलेज के हिन्दी विभाग के छात्र मंच पल्लव के तत्वावधान में मंगलवार को नव प्रतिभाओं के लेखन कला प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण, भारतीय समाज और लोकतंत्र एवं पारिवारिक रिश्ते आदि विषयों पर मौलिक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विषय से संबंधित विभिन्न विधाओं में छात्र छात्राओं ने तत्काल बैठकर मौलिक साहित्य लेखन का प्रशिक्षण प्राप्त किया और भिन्न भिन्न तरह की रचनाए प्रस्तुत की। पल्लव मंच की संयोजिका डॉक्टर



अस्मिता तिवारी ने कहा कि यह मंच युवा विद्यार्थियों के लेखन प्रशिक्षण का मंच है और इस तरह के कार्यक्रम द्वारा हिंदी विभाग लेखन कौशल का विकास करना चाहता है। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डाक्टर राकेश कुमार राम ने किया। कार्यक्रम रूपरेखा प्रोफेसर राकेश कुमार द्विवेदी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर समीर कुमार पाठक ने दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉक्टर नीलम सिंह, डॉक्टर श्वेता मिश्रा, डॉक्टर विजय यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।


Development Co
Ministry of Textile
प्रवेश
नि:शुल्क
गाँ
भारत के विभिन्
9
प्रायोजक- कार्याल
वस्त्र


प्रतिभागी छात्र-छात्राएँ (02) अमर उजाला : 13.11.24

6 मौखिक रचनात्मक-लेखन प्रतियोगिता का परिणाम :

# सूचना

12/11/2024 मगलवार को हिंदी विभाग द्वारा युवा मंच पल्लव के अंतर्गत आयोजित मौखिक लेखन प्रतियोगिता का परिणाम ----

प्रथम स्थान - विशाल मिश्रा बी.ए पंचम सत्र

द्वितीय स्थान - अमरेश यादव बी. ए पंचम सत्र

तृतीय स्थान - कंचन वर्मा बी. ए प्रथम सत्र

विभागाध्यक्ष

प्रो राकेश कुमार राम





